Helpline 1064

94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **तहसीलदार चेचट, भरत कुमार यादव जिला कोटा व होमगार्ड दिनेश कुमार 25 हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।**

जयपुर, 13 मई, मंगलवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर कोटा एसीबी स्पेशल यूनिट द्वारा आज कार्यवाही करते हुए आरोपी श्री भरत कुमार यादव तहसीलदार चेचट जिला कोटा व होमगार्ड दिनेश कुमार को परिवादी से **25 हजार रूपये** नगद रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा** ने बताया कि एसीबी कोटा स्पेशल यूनिट को परिवादी ने एक लिखित शिकायत इस आशय की पेश की गयी कि परिवादी द्वारा क्रय की गई भूमि को औद्योगिक भूमि में कन्वर्जन व समर्पण करवाने के लिए एक प्रार्थना पत्र तहसीलदार कार्यालय चेचट व एसडीएम कार्यालय रामगंज मंडी में ऑनलाईन अप्लाई किया था जो कई दिनों से पेण्डिग रखकर तहसीलदार चेचट द्वारा रिश्वत राशि मांग कर पेरशान किया जा रहा था।

जिस पर एसीबी रेंज कोटा के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री शिवराज मीना** के सुपरविजन में एसीबी स्पेशल यूनिट के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मुकुल शर्मा** के निर्देशन में **पुलिस निरीक्षक** श्री पृथ्वीराज मीणा द्वारा शिकायत का सत्यापन करवाया गया। दौराने सत्यापन तहसीलदार चेचट श्री भरत कुमार यादव द्वारा भूमि कन्वर्जन /नामान्तरण करने के लिए 25 हजार रूपये की मांग कर अपने होम गार्ड दिनेश को देने हेतु कहने की पुष्टी होने पर ट्रेप कार्यवाही का आयोजन किया गया। दौराने ट्रेप कार्यवाही तहसीलदार के कहने पर होम गार्ड दिनेश कुमार द्वारा तहसीलदार के लिए 25 हजार रूपये परिवादी से लेने पर तहसीलदार भरत यादव व दिनेश कुमार को 25 हजार रूपये रिश्वत राशि लेते हुये रंगे हाथों डिटेने कर दोनो आरोपीगण को गिरफ्तार किया गया।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के सुपरविजन में आरोपियों से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जावेगा।